भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3013

जिसका उत्तर 11 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

.....

केन्द्र प्रायोजित योजनाएं

3013. श्री हसनैन मसूदी:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जम्मू और कश्मीर में जल शक्ति क्षेत्र से संबंधित केन्द्र प्रायोजित योजनाएं शुरू की हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) जी, हां।

(ख) जल शक्ति मंत्रालय प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), बाढ़ प्रबंधन एवं सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी), राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी), राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर के जल शक्ति क्षेत्र से संबंधित केन्द्र प्रायोजित स्कीमों को कार्यान्वित करता है। पीएमकेएसवाई के क्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई कार्यक्रम, कमान क्षेत्र विकास तथा जल प्रबंधन एवं सिंचाई जनगणना स्कीम कार्यान्वित किया जा रहा है। सिंचाई कार्यक्रम में प्राथमिकीकृत त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) में जम्मू एवं कश्मीर की चार परियोजनाओं नामतः राजपोरा लिफ्ट सिंचाई, मुख्य रावी नहर का पुनरूद्धार एवं आधुनिकीकरण, ट्राल लिफ्ट सिंचाई तथा प्रकाचिक खॉस नहर शामिल किया गया है। कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन (सीएडीडब्ल्यूएम) के अंतर्गत तीन परियोजनाओं नामतः राजपोरा लिफ्ट सिंचाई, ट्राल लिफ्ट सिंचाई तथा प्रकाचिक खॉस नहर को क्रियान्वित किया जा रहा है। 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में क्रियान्वित किए जा रहे सिंचाई जनगणना स्कीम को जम्मू कश्मीर राज्य में भी क्रियान्वित की जा रही है।

बाढ़ नियंत्रण एवं सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर में 25 परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। इन 25 जारी परियोजनाओं की सूची अनुलग्नक में संलग्न है। राष्ट्रीय जल संरक्षण योजना (एनआरसीपी) के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर के ऊधमपुर में देविका और तावी नदियों के प्रदूषण उन्मूलन के लिए एक स्कीम को आरंभ किया गया है तथा यह स्कीम अभी जारी है। मंत्रालय द्वारा जम्मू एवं कश्मीर राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को भी कार्यान्वित किया जा रहा है।

*****

अनुलग्नक

"केन्द्र प्रायोजित योजनाएं" विषय पर दिनांक 11.07.2019 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3013 के भाग (ख) के संदर्भ में उल्लिखित अनुलग्नक

<u>एफएमबीएपी के एफएमपी घटक के अंतर्गत जारी 25 परियोजनाओं की सूची</u>

क्र.सं.	परियोजना/राज्य का नाम
1.	राजौरी जिला (जम्मू एवं कश्मीर) में विभिन्न नदियों बृहत/लघु नाला में बाढ़ सुरक्षा कार्य।
2.	श्री माता वैष्णो देवी जी श्राइन, कटरा जिला, रेसाई (जम्मू एवं कश्मीर) के फुट हिल पर बाण गंगा के लिए कटावरोधी सुरक्षा कार्य का निर्माण।
3.	चेनानी से डिबर गांव तक तवी नदी पर तथा ऊधमपुर जिले में इसकी सहायक नदी पर गंभीर कटावरोधी कार्य।
4.	सिधरा शहर और इसके समीपवर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए तावी नदी के सिधरा तट के अनुप्रवाह पर सुरक्षात्मक कार्यों का निर्माण।
5.	बारामुला जिले बोनियार ब्लॉक में विभिन्न नालाओं (i) लाचीपारा (ए एवं बी) नाला (ii) बिजहामा जबादार नूरखाह नाला (iii) नलूसा निलाग नाला (iv) बोगना नाला पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का निर्माण।
6.	बारामुला जिले ऊरी ब्लॉक में विभिन्न नालाओं (i) कमालकोटे सुल्तान डाकी नाला (ii) गरकोटे नाला (iii) नावारूदा नाला (iv) शाहदोरा नाला (v) जावा चुलान नाला पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का निर्माण।
7.	बारामुला जिले बोनियार ब्लॉक में विभिन्न नालाओं (i) हपातखाई त्रिकंजन नाला (ii) नौशेरा नाला (iii) पेहलीपोरा नाला (iv) नागानारी जेहानपोरा नाला पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का निर्माण।
8.	बग्सो नाला लेह का बाढ़ सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्य।
9.	लेह जिले के साबो नाला का बाढ़ सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्य।
10.	लेह जिले के निमो नाला का बाढ़ सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्य।
11.	रंगदुम, परकाचिक, ताई-सुरथंग, प्रांती नाला, चटखार, खाऊस और दमसना के सुरू नदी पर कटाव नियंत्रण/एफपी कार्य।
12.	चेचेसना सको से शेरबाग अनडू तक सुरू नदी पर कटाव नियंत्रण/एफपी कार्य।
13.	गंदोह (भलेस्सा), डोडा, जम्मू एवं कश्मीर की कालगुनी नाला के उत्तरी और दक्षिणी दिशा की ओर गंदोह के हेलीपैड उप-जिला अस्पताल में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निर्माण।
14.	अखनूर, जम्मू जिला में काथर/तवी क्वीर नाला पर एफपीडब्ल्यू का निर्माण।
15.	अखनूर, जम्मू जिला में मावा ब्रह्मना नाला पर एफपीडब्ल्यू का निर्माण।
16.	अखनूर, जम्मू जिला में सुमाह नाला पर एफपीडब्ल्यू का निर्माण।
17.	अखनूर, जम्मू जिला में ताडा नाला पर एफपीडब्ल्यू का निर्माण।
18.	टिक्की, ऊधमपुर जिला, पचारी ब्लॉक चेनानी तहसील में एफपीडब्ल्यू का निर्माण।
19.	कहालीजुगसर कालगोनी नाला पर चंगा, डिग्गी, डुडवार में एवं इसकी सहायक नदियां चांती, इचेयर एवं धोस्सा नाला के उत्तरी एवं दक्षिणी भाग में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निर्माण।
20.	कालगोनी नाला पर गंदोह सोरन, भाट्यास, बंबू, बथारी में एवं इसकी सहायक नदियां जिलोटा एवं चिल्ली नाला के उत्तरी एवं दक्षिणी भाग में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निर्माण।
21.	रेसाई तहसील एवं जिले में रेसाई, गाऊनी, अमास तथा महोरे ब्लॉक के विभिन्न नालों पर एफपीडब्ल्यू/कटावरोधी कार्यों का निर्माण।
22.	खोमिल नाला, नुपवारा जिला में कटाव नियंत्रण तथा बाढ़ सुरक्षा कार्य।
23.	दूधगंगा नाला, बड़गांव जिला में एफपीडब्ल्यू तथा कटावरोधी कार्यों का निर्माण।
24.	सांद्रन नाला/वेथवेथू नाला, अनतनाग जिला के गंभीर क्षेत्रों में कटाव नियंत्रण तथा एफपी कार्य।
25.	झेलम नदी, चरण-I में बाढ़ प्रबंधन के लिए समग्र योजना।